दिनांक : 28.03.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री - नोएडा हवाई अड्डा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने 40 एकड़ में फैले रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण सुविधा केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री मोदी ने कहा कि यह विकसित यूपी, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में इस हवाई अड्डे की यात्री संचालन क्षमता प्रति वर्ष एक करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी, और पूर्ण विकास होने पर इसे प्रति वर्ष 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा।

विधायक सम्मेलन

मध्य प्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च के आयोजित किया जा रहा है।

इस सम्मेलन में तीन राज्यों, मध्य प्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक सम्मिलित होंगे। सोमवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। पहले दिन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी भी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047– युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे।

डीजल-पेट्रोल

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन- एचपीसीएल ने जबलपुर जिले में पेट्रोल-डीजल की कमी संबंधी खबरों को भ्रामक और निराधार बताया है। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक के अनुसार एचपीसीएल के पास लगभग 7 दिनों का कवर स्टॉक उपलब्ध है, जो कुल भंडारण क्षमता का 70% से अधिक है। भंडारण स्थलों पर नियमित आपूर्ति जारी है और आगे किसी कमी की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आपूर्ति लगभग दोगुनी क्षमता से की जा रही है।

हालांकि अफवाहों के कारण मांग में चार गुना तक वृद्धि हुई है, जिससे कुछ स्थानों पर दबाव की स्थिति बनी, लेकिन उपलब्ध स्टॉक से इसे संभाला जा सकता है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर अनावश्यक खरीदारी से बचें। एचपीसीएल ने निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति जारी रखने का भरोसा दिया है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट का 19वां संस्करण आज शाम बेंगलुरु में शुरू होगा। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। दो महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने घरेलू मैदान पर कप्तान रजत पाटीदार की अगुवाई में खिताब बचाने उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन करेंगे, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस के चोटिल होने के बाद कमान संभाली है।

संक्षिप्त समाचार

1- नर्मदापुरम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज वृहद विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

2- मंडला में आज से दो दिवसीय उत्तरवाहिनी मां नर्मदा परिक्रमा का भव्य आगाज

हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए हैं। परिक्रमा का समापन कल रविवार को होगा।

3- पन्ना जिले के शाहनगर में कल नवरात्रि के समापन पर बुंदेलखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और अटूट आस्था का संगम देखने को मिला। यहां परंपरागत तरीके से माता के 'जवारे' विसर्जित किए गए।

4- शिवपुरी के पोलो ग्राउंड मैदान पर आज से राज्य स्तरीय हॉकी गोल्ड का प्रतियोगिता शुरू हुई।

5- आगरमालवा जिले में तेज रफ्तार निजी यात्री बस एक राहगीर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई वही डेढ़ दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये।